

मासिक
Shree Swaminarayan (Gujarati Monthaly)

# श्री स्वामिनारायण

प्रकाशन दिनांक प्रत्येक महीने की ११ तारीख पूर्ण अंक २१७ अंक अगस्त-२०२५
Volume no. 18, Issue No. 217 August 2025

## गुरुपूर्णिमा

प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१. Publisher: Shree Swaminarayan Temple, Ahmedabad- 380001 Rs.5/-



विल्सडेन - लंडन ( यु.के. ) मंदिर के स्वर्ण जयंती महोत्सव पर श्रीहरि के तीनो अपर स्वरुप के दर्शन ।





बद्रीनाथ अपने श्री स्वामिनारायण मंदिर में पुनः मूर्ति प्रतिष्ठा की विधि पूर्ण करते तथा मंदिर का विधिवत उद्घाटन और सभा में आशीर्वाद देते प.पू. आचार्य महाराजश्री ।

# श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र




वर्ष - १९ ● अंक : २१७ ● अगस्त-२०२५

## अ नु क्र म णि का


| | | |
|---|---|---|
| ०१. | अस्मदीयम् | ०४ |
| ०२. | प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री, प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा | ०५ |
| ०३. | ''समैयो'' के उपलक्ष्य में शिक्षापत्री | ०६ |
| ०४. | गुरु पूर्णिमा संदेश-२०२५ | ०७ |
| ०५. | श्री स्वामिनारायण म्युजियम के द्वार से | १३ |
| ०६. | भक्ति सुधा | १४ |
| ०७. | ''समैयो'' के उपलक्ष्य में | १८ |
| ०८. | सत्संग समाचार | १९ |




संस्थापक

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७, २७४१९५९७
www.swaminarayanmuseum.com

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी
आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी पुरुषोत्तमप्रकाशदासजी
( महंत स्वामी )
मो. ९३१३७१९२३२

पत्र व्यवहार

श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
मो. ९३१३७०६०९५
magazine@swaminarayan.in
www.swaminarayan.info
पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail :
magazine@swaminarayan.in

मूल्य - प्रति वर्ष ५०-०० ● प्रति कोपी ५-००

श्री स्वामिनारायण

# अस्मदीयम्

प्रिय भक्तो,

अपने मंदिर में सुंदर हीरे का झूला दिव्य दर्शन सभी को आनंद दे रहा है।

इस चातुर्मास में विशेष नियम रखकर भजन करना चाहिए । महाराज ने हम सभी को कैसे जीवन व्यतीत करना चाहिए । उसके बारे में अच्छी से भी अच्छी बात शिक्षापत्री में लिखकर दिये है । उनकी आज्ञा-उपासना में कोई परिवर्तन नही करे तो उसका जीवन सार्थक हो जाता है । जीव का कल्याण होने में शेष नही रह जाता है ।

पूरा संसार अध्यात्म के लिये शास्त्रो का अध्ययन करता है । लेकिन अपने महाराजश्रीने सभी शास्त्रो का सार शिक्षापत्री में दिये है । प्रतिदिन उसका पाठ करके व्यवहार करने की आज्ञा दिये है । इस शिक्षापत्री को लिखे २०० वर्ष हो चुका है । तो भी आज के दिन यह आज्ञा ये प्रस्तुत है । और हजारो वर्ष के बाद भी प्रत्येक जीव के कल्याण के लिये अमोघ शस्त्र बना रहेगा । कारण..... यह स्वयं भगवान की वाणी है ।

आगामी वसंत पंचमी को अपने शिक्षापत्री का २०० वर्ष का द्विशताब्दी महोत्सव की ''समैया'' मनाने के लिये कटिबद्ध है । ''समैया'' में योगदान देकर शिक्षापत्री के प्रति आत्मियता रखना है । शिक्षापत्री मेरी है । मैं शिक्षापत्री का पालक-उपासक हूँ । ऐसी भावना पैदा करना है ।

अपने आचार्य महाराजश्री भी को देखे तो देश-विदेश के कितने मंदिरो की व्यवस्था दौड-दौडकर करते है । गुरु पूर्णिमा का उत्सव पूरा करके दूसरे दिन लंदन विल्सडन मंदिर के ५० वे वर्ष के उत्सव ( नव दिन का था ) में हाजिरी देने गये थे । सभी का आग्रह रहता है कि महाराजश्री हमारे प्रसंग पर उपस्थित रहे । अभी सत्संग का विस्तार अधिक हो गया है । आप सभी की श्रीजी महाराज के प्रति दृढ निष्ठा रखकर भजन करे । अपने मंदिरो का देश-विदेश में अधिक विस्तार हुआ है । महाराज इस लोक में तथा परलोक में सुखी रखेगे ।

समैया के उपलक्ष्य में पर्यावरण के भाग रुप में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री द्वारा तुलसी के पौधे-कुंडे और हजारो नीमके पौधे का वितरण किया है । प्रत्येक भक्त उसकी रक्षा और जतन करे । प्रत्येक हरिभक्त परिवार को एक पौधा लगाकर पेड बन जाये तब तक उसका पालन-पोषण करना चाहिए ।

संपादकश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी पुरुषोतमप्रकाशदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण





## प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री कार्यक्रम की

# रुपरेखा

(जुलाई-२०२५)

६ श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर में समैया के उपलक्ष्य में अपने करकमलो द्वारा तुलसी के कुंडा का वितरण करना।

१० श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर में संत-हरिभक्तो द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्व के अवसर पर पूजन-अर्चन, रात्रि में लंदन जाना।

११से१४ श्री स्वामिनारायण मंदिर विल्सडन लंदन स्वर्ण जयंती पाटोत्सव महोत्सव स्वयं की सानिध्य में मनाना।

२१ असारवा श्री स्वामिनारायण वाडी गुरुकुल श्री शिवलिंग की प्राणप्रतिष्ठा अपने करकमलो से पूर्ण करना।

२९-३१ श्री स्वामिनारायण मंदिर बद्रीनाथधाम पुन मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पधारना।

## प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(जुलाई-२०२५)

१से४ पेन्सववेनिया ( अमेरिका ) अपने शुभ सानिध्य में ( एन.एन.डी.वाय. ) युवा कैम्प में जोडना।

५ फ्लोरिका ( अमेरिका ) श्री स्वामिनारायण मंदिर का पाटोत्सव अपने करकमलो द्वारा पूर्ण करना।

६-१४ श्री स्वामिनारायण मंदिर विल्सडनलेन लंदन स्वर्ण जयंती महोत्सव पर पधारना।



श्री स्वामिनारायण

# समैयो के उपलक्ष्य में ॥ शिक्षापत्री ॥




कृष्णकृष्णावताराणां खण्डनं यत्र युक्तिभिः । कृतं स्यात्तातानिशास्त्राणि न मान्यानि कदाचन ॥२९॥

**अनुवाद : जिस शास्त्र के विषय में श्रीकृष्ण भगवान तथा कृष्ण भगवान के जो वाराह आदि अवतार का युक्ति करके खण्डन किया गया हो । ऐसे शास्त्र को कभी न माने और नही सुने भी ॥२९॥**

विवेचना श्री कृष्ण जो परब्रह्म है । सभी का कारण होते हुए भी स्वंय अकारण है । उनका तथा अनेक अवतार धर्म हित के लिये हुए । उनके युक्ति प्रयुक्ति का जो असत्य करके खंडन किया गया है । वह शास्त्र के प्रमाण से कभी मानना नही चाहिए ।

''श्रीकृष्ण ईश्वर नही है'' इनके अवतारो में हमे श्रद्धा नही है । आदि बोलने वाले अज्ञानी लोगो को यदि उत्साह और प्रेम से समझा दे तो वे अज्ञान से मुक्त हो जाते है । और श्रद्धा वाले हो जाते है । लेकिन चार्वाक जैसे सिद्धान्त वाले लोग संसार को ईश्वर हीन मानते है ।''असत्यमप्रतिष्ठं ते जगदाहुरनीश्वरम्'' यह उनके मत है । अहंत लोगो के मतानुसार इस संसार की उत्पत्ति कर्म से होती है । पुरुष के संसर्ग से नैसर्गिक त्रिविध परिणित रुप वाला की इस जगत को ईश्वर से अपेक्षा नही है । ऐसा कपिल सांख्यवाले कहते है । ये लोग ही युक्तियों द्वारा श्रीकृष्ण के परब्रह्मत्व तथा अवतारो को आज्ञा को शंका में रख देते है । इसी प्रकार दूसरे नास्तिकतावाले भी होते है । इन सभी को ईश्वर खंडन करने वालो को तथा उनके शास्त्रो का अध्ययन करने से अपनी बुद्धि संस्कार विहीन हो जाती है ।

कई मत तो ऐसे है जैसे पाशुपत कहते है कि सर्वेश्वर परब्रह्म दूसरा कोई है । श्रीकृष्ण नही ऐसे ये लोग कहते है ।

''हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे'' अथवा 'प्रजाकामो वै प्रजापतिः स तपोऽतप्यत अथवा ''विश्वाधिको रुद्रो महर्षिः'' इत्यादि रुद्र को ईश्वर बताते है । लेकिन यह मत ठीक नही है । भगवान बादरायणने इनका खंडन किया है ।

श्रीकृष्ण परमात्मा का परमतत्व निम्न लिखित श्रुति से स्पष्टहोता है ।

''नारायणपरा वेदाः'' ''वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्यः'' ''वासुदेबपरा वेदाः'' । ''एको ह वै नारायण आसीत् न ब्रह्मा नेशानः । तथा

''कृष्ण एव हि लोकानामुत्पत्तिरपि चाव्ययः ।''

''कृष्णास्य हि कृते भूतमिदं विश्वं चराचरम् ॥''

इस प्रकार श्रीकृष्ण ही सर्वेश्वर परब्रह्म है। यह तय होता है । श्रुति स्मृति में सर्व जगत कारण के रुप में श्रीकृष्ण परमात्मा ही दिखायी देते है।

एक पक्ष ऐसा मानता है कि परब्रह्म निर्गुण है। जैसे कि ''निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरञ्जनम्,'' ''साक्षी केवलो निर्गुणः'' अशब्दम् अस्पर्शम् अरुपम् ।'' लेकिन यह मत अमान्य है। गुण निषेधपरक क्न तो प्राकृत्ति और हेयगुणवाला है। शरीर निषेधपरक वचन भी प्राकृत शरीर परक है। भगवान कृष्ण के गुण सद्भाव में या आप्राकृत शरीर सद्भाव में कोई विरोध नही है । 'आकाश शरीरं ब्रह्म' ऐसा कहे है। इससे अदश का निराकार होना सिद्ध होता है। ऐसा नही मानना है क्योकि आकाश है। अर्थात् आसमान्नात काराते अर्थात जो चारो तरफ शोभित अर्थात् प्रकाश युक्त शरीरवाले ब्रह्म है।

जहाँ पर अवतारो का खंडन हो वह वर्जित ग्रंथ है। ''कभी ईश्वर अवतार नही लेता'' अवतार भी मायिक स्वरुप में लेते है'' ऐसे विधान ( तर्क ) अनादर के पात्र माने जाते है। क्योकि परब्रह्म स्वेच्छा से सर्वातारी रुप में अवतरित होते है कहा गया है –

''अजायमानो बहुधा विजायते।''

''तदात्मानं सृजाम्यहम्।''

''भगवानीश आत्मानं सृजते हरिः इत्यादि

जो अवतारो की अवज्ञा करते है। ये आसुरी योनि वाले लोग होते है। गीता में कहा गया है।

अवजानन्ति मांमूढा मानषीं तनुमाश्रितम्...

राक्षसीमासुरी चैव प्रकृति मोहिनी श्रिताः ॥

इसलिये श्रीकृष्ण का परब्रह्म सकल कल्याण गुणवाला, करने वाला, विग्रहतत्व प्रतिपादक जो शास्त्र तथा जो श्रीकृष्ण के अवतारो के उद्देश्य प्रयत्न, सकल कल्याणवाले गुण, विग्रहतत्व का प्रतिपादन करते है । वही शास्त्र श्रीहरि के आश्रितो के लिये मान्य है। शेष नही है।

### श्री नरनारायणदेव देश के आगामी उत्सव

श्रावण वद-१३ ता. २१-८-२०२५ गुरुवार श्रीहरि बालमुकुंदजी को झूले से उतारना।

श्रावण वद-३० ता. २३-८-२०२५ शनिवार शिव पूजन समाप्त, कुशग्रहणी अमावस्या।

भाद्र सुद-३ ता. २६-८-२०२५ मंगलवार केवडा त्रीज।

भाद्र सुद-४ ता. २७-८-२०२५ बुधवार श्री गणेश चतुर्थी।

भाद्र सुद-५ ता. २८-८-२०२५ गुरुवार ऋषि पंचमी।

भाद्र सुद-८ ता. ३१-८-२०२५ बुधवार को जलझीलनी एकादशी, श्री गणपतिजी का वरघोडा दोपहर १२-००

भाद्र सुद-१२ ता. ४-९-२०२५ गुरुवार वामन जयंती दोहपहर १२ बजे आरती।

भाद्र सुद-१५ ता. ७-९-२०२५ रविवार मुकुटोत्सव पूनम चन्द्र ग्रहण भारत में दिखाई देगा । उसका पालन करे।

ग्रहण भेद दोपहर – १२.५७ मिनट पर

ग्रहण स्पर्श रात्रि ९-५७ तक

ग्रहण मोक्ष रात्रि १-२६ मिनट तक

भाद्र वद-११ ता. १७-९-२०२५ बुधवार इंदिरा एकादशी।

भाद्र वद-३० ता. २१-९-२०२५ रविवार को दर्श अमावस्या ( सूर्यग्रहण भारत में नही दिखाई देगा जिसका पालन नही करना है।





# गुरु पूर्णिमा संदेश-२०२५

- संकलन : गोरधनभाई वी. सीतापरा ( हीरावाडी-बापुनगर )

**प.पू. आचार्य महाराजश्री, कालुपुर मंदिर, अषाढ सुद-१५ गुरुपूर्णिमा के पावन अवतर पर ता. १०-०७-२०२५ :** नरनारायणदेव के सानिध्य में चरणो में बैठकर हम सभी भाग्यशाली है। हम लोग यहाँ पर उत्सव समैया कर रहे है। अभी संतो ने बात की, मेरा नम्र निवेदन है। अधिक सुनने को मिलता है। महाराजश्री के आज्ञा में रहना तो हमने कौन सी आज्ञा दिये है ? आप सभी बैठे है, कोई मुझे बताये कि मैने आज्ञा की है। चले खडे होकर कोई संत या हरिभक्त कहे कि हमने आज्ञा दी है । २१२ श्लोक शिक्षापत्री में लिखा गया है। देश-विभाग के लेख है । सत्संगिजीवन धर्मशास्त्र है । इसमें दी गई आज्ञा का पालन हम सभी को करना है। मेरी कोई आज्ञा नही है। २०२५ में कोई किसी की आज्ञा का पालन करे तो अच्छी बात है।

वास्तव में देव का बनकर रहना है । यह बड़ी से बडी बात है । अभी पी.पी. स्वामी ( जेतलपुर )ने अच्छी बात कही है। महाराजने इतने वर्षो तक रामानंद स्वामी को लाये । इससे पहले आत्मानंद स्वामी जैसे भी मिले थे । जिसने पढा होगा उसे इतिहास का ज्ञान भी होगा । महाराजने उनका त्याग कर दिया था । क्योकि यह उल्टा सीधा सिखाते थे । महाराज सब कुछ अनुभव करने बाद में आज्ञा किये है। यह मुझे नही पता है कि मै आज्ञा करने वाला हूं। अभी तक कोई भी आचार्य आज्ञा नही दिये है। इस लिये मेरा निवेदन है कि ऐसा कुछ नही बोलना चाहिए । क्योकि इस दुनिया में कही बढ जायेगे तो नीचे उतरना कष्टदायक होगा। बात आई है तो कह रहा हूँ कि महाराजने वचनामृत में अच्छी बात बताये है। वैसे महाराज की बातो पर टिप्पणी नही की जा सकती है। लेकिन मुझे कुछ बात लडती है। इसमें ऐसा कहे है स्वाभिमान का भी घमंड नही रखे । स्वाभिमानी होने पर आप प्रसंशा करे तो इसमें

अभिमान आता है। यह सत्य है ? कई बार हम देखे है। यह अधिक निर्मानी है । ऐसा कहने पर दस वर्ष बाद इसको बचाने में दम निकल जाता है। यह सत्य है।

सत्य तो यह है कि हमें भगवान का होकर, देव का होकर रहना है। देव का जो हो उसी का साथ करना चाहिए । यह महाराज के वचन है। साथ बलवान होता है। किसका साथ करे किसका साथ नही करे इसे महाराज कहे है। मान लीजिये में इस समय कह रहा हूं कि तो कह रहा हूँ। सत्संग की **Meaning** जो सत्य है, जो सनातन है, जो सर्वदा रहे उसका साथ करे । भगवान तथा भगवान के भक्त का साथ करे । इस संतो से पूछकर देखे घर-घर के है । इसलिये प्रेम से कह रहा हूँ। इनके शिष्य खराब है इस लिये नही कर रहा हूँ। लेकिन मेइनटिनेसे है। कठिन हो गलत है तो आप छाती के उपर हाथ रखकर ना कर सकते है। बाद में कुछ हरिभक्त गुरु हुए है। उन्ही भी शिष्य की शौक आ गया है। वे शिष्य लेकर डिस्को करते है। गाते और नाचते है।संसार भयंकर है।

देव का होकर रहे। जो सेवा है देव की है। धर्मादा देव का है। नरनारायणदेव देश के हरिभक्तो से विशेष रुप से कह रहा हूँ कि धर्मादा अवश्य निकाले। सेवा नही दे तो चलेगा, लेकिन धर्मादा दे। कोई व्यक्ति सुखी होता है तो देव के आदेश का पालन करता है। तो धर्मादा भी महाराज का आदेश है । मेरा नही । हम सभी दूसरा कुछ अधिक करते है। चोरी रखते है छोटी-बडी। यह कही नही किया है कि आप ऐसा करें। धर्मादा निकाले। नरनारायणदेव का जो हो । जिसका दस्तावेज नरनारायणदेव का हो उनसे अधिक कह रहा हूँ । संदेह हो तो संविधान माँगे । सीधा कहना है । महाराजश्री के पास जा रहा हूँ । मैं कालुपुर मंदिर में दे दूँगा। वहाँ से ले लेना। बद्रीनाथ से लेकर मंदिर के सभी खाते कालुपुर मंदिर से कार्यरत होते है । हमारे ट्रस्टी यहाँ पर बैठे है।ये सभी जातने है। सभी रसीद बुक-सभी रसीद यहाँ पर रहती है। छपैया भी नही जाना है। कही पर नही जाना है। सब यही पर किया जाता है। जो देव का है वह रहने वाला है। यह सत्य कह रहा हूँ।

आप देखते है । चमक-दमक अधिक रहती है लेकिन शीध्रता से गिर जाता है। लेकिन मै रास्ता देखता हूँ । चमक-दमक कितनी भी हो दुनिया में चमकने दो । हमें तो भगवान का होकर रहना है । यही जीवन का लक्ष्य है और ध्येय भी है। जब से आप कंठी धारण किये, टीका लगाये, सत्संग समझ में आया तब से अपना क्या कार्य है। केवल देव का होने का अर्थ है। यही गति भी है। अधिक **Simple** है। इसलिये विशेष आग्रह है।

कई लोग कहते है खुश रहो । सभी हरिभक्तो को प्रेम पूर्वक लगाव है । इसलिये आप लोग कहते है । हम मानते भी है। और सहमत भी है। किसी दिन नाराज हुए। कुछ गलत होगा तो अवश्य होगे । देव के अलावा कोई समायान्तर कोई दुनिया हो तो सहन नही होगा । यह मैने पहले ही कह दिया हूँ। सिद्धान्त से समझौता नहीं करना है। आज भी नही होगा। आने वाले पीढ़ी अहमदाबाद देश में नही होगा । यह लिखकर देता हूँ। यह विकास करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

आज हम लोगो को ऐसे भगवान मिले है। आप सोचे, मुझे तो लंदन भी जाना था । नही गुरु पूर्णिमा है। आज देव का दर्शन होगा । तथा हम सभी आज देव का दर्शन करने आये है। मेरा नही । महाराजने यह ( आचार्य पद ) बनाये है। भगवान के कारण इस स्थान की गरिमा है । ठीक है न । लेकिन जिम्मेदारी बड़ी है। कठिन भी है। **End of the day** व्यक्ति के रुप में यह वस्तु नही इस जगह की गरिमा है। गुरु पूर्णिमा है। देव का दर्शन करने आये है । और गुरु एक ही है । अंदर ( सिंहासन ) पर विराजमान श्रीहरि द्वारा स्थापित धर्मवंशी आचार्य परम्परा मे उत्तर विभाग में त्यागी गृहस्थ हम सभी के गुरु

वर्तमान समय मे आप ही है । पी.पी. स्वामी ( जेतलपुर ) महाराज के समय की प्रणाली बताये है । अर्थ तो यह होता है कि संतो के पीछे गुरु के रुप में आचार्य का नाम आता है । इतना है । इतना अच्छा है । वाया - मेईटीनेन्स अधिक नही बढाये । हमे फोन करके पूछना पडता है । खाये ? की नही खाये ? क्या हुआ ? ऐसा नही है तुम्हे ? यहाँ पर रहे और फोन आये । कहाँ पर गये है ?

वास्तव में इतना विशाल जन मानस एकत्र हुआ है । यह बड़ा त्याग है । संत का क्या विशेष हरिभक्तो का है । काम होने के बाद भी आज यहाँ पर इतने लोग आये है । आज के समय में समय देना सबसे बडी बात है । झूम बनाये । सभी लोग मेहनत कर रहे है । अच्छी बात है । इससे बडा सतयुग संसार में दूसरा कही पर नही है । अभी कोई मिलकर कहा है कि 'हलाहल कलियुग है' । है तो आप के लिये है । हम लोग तो सत्युग से आगे रहते है । अक्षरधाम से वेत उपर है । भगवान जैसे भगवान मिले है तो हमारे लिये कलियुग कैसा ! यह कलियुग आप के लिये होगा । हमे तनाव हो गया कि हलाहल क्या है ? उस आदमी को देखने के बाद पता चला कि उसे डाक्टर की आवश्यकता है । दूसरा कुछ नही चाहिए ।

इन बच्चो को धन्यवाद है । कि परम्परा और संस्कार बाचकर इतनी प्रगति किये है । इनके माता-पिता धन्य है । अभी दो-तीन बार बाहर जाने का अवसर मिला । कैनेडा गये थे । महंत स्वामी ने कहा १५० करोड १५० करोड नही, १५ मिलियन डालर है । १५० करोड रुपया यहाँ से तो नही ले गये है ? वहाँ का वही पर उपयोग किया जाता है । लेकिन रकम बडी है । विदेश में खाली जगत के लिये १५ मिलियन डालर पहले बार प्रयोग किया गया है । टोरेन्टो में अपने प्रत्येक गाँव से बच्चे-बच्चियाँ विद्यार्थी के रुप में ये है । उन्ही के लिये यह मंदिर किया गया है । आज यही बच्चे अपने मंदिरो में सेवा दे रहे है । धन्यवाद है । आप सभी माता-पिता तथा वृद्धो ने जो संस्कार दिये है । तभी यह कुछ हो रहा है । वास्तव में यही है । शेष तो बहुत कुछ होता रहता है । आप मेरी प्रशंसा करे और मैं आप की करु ऐसा नही मैने प्रत्येक जगह पर सेवा करते देखा हूँ । दादा बच्चो को लेकर आते है । नाम पू छते है तो पता चता है कि कितना त्याग करके समय को छोडकर आकर सेवा देते है ।

साथ ही साथ अभी पी.पी. स्वामीने कहा कि कई ईशत्व, तथा मंदिरो में कार्य चल रहा है । जेतलपुर का उत्सव, शिक्षापत्री का समैया सेष अनय है । यह क्रिया-कलाप चलते ही रहना है । अंत नही आने वाला है । देव के कारण यह सब कुछ हो रहा है । भगवान के कारण यह हो रहा है । इन सभी कार्यो में आप सभी का योगदान है । अभी महंत स्वामी ने कहा है कि प्रसाद लेकर मंदिर में गाडी जाती है । जिसे आवश्यकता होती है । उसे भोजन दिया जाता है । हमारे वाडी के बगल में रोड बन रहा है । इसमें २५ से ३० छोटे बच्चे भी है । मेरा घर बडा है । एक छोटा गाँव बने इतना बडा है । यह घर देव का है । मेरा नही है । जहाँ पर हम रहते है देवकी जमीन है । मंदिर का यह स्थान है । ये कपडे देव का पहनते है । स्पष्ट रुप से बता रहा हूँ जिस गाडी से आते है वह भी मंदिर की है । नरनारायणदेव का है । जो भी है देव का है । भोजन अधिक बनता है । अधिक होने पर भगत जी बालको को दे देते है । एक दिन गादीवालाश्री ने देखा बचा हुआ अन्न क्यो ले जाते है । इनके लिये अतिरिक्त बनना चाहिए । इस लिये मैने नाराणपुरा मंदिर में फोन करवाया । इतने लोगो को भोजन करवाना है । कारण मानवता के यदि मूल्य भूल जायेगे तो कितना भी माला करे तो का नही आयेगा । यदि मानवता नही है तो सब कुछ बेकार है । भूखे को देखकर

हृदय द्रवित न हो तो चाँदला करना बेकार है । कोई ने दुखियो रे, देखी न खमाय, दाय आणी रे अति आकरुपाय अन्न धन वस्त्र रे, आपी ने दुख टाले, करुणा द्रष्टि रे, देखी वात न वाले... यह पद प्रतिदिन गाने के लिये है । यदि कोई भूखा रह जाता है तो सब कुछ किया व्यर्थ है ।

दूसरी बात कहे हमारे घर कई हरिभक्त अनाज दे जाते है । हमे अनाज इत्यादि देव देते है । संग्रह करने से क्या लाभ है । इस लिये बगल में परोक्ष हनुमानजी का मंदिर है । वहाँ पर भी राम-रोटी दी जाती है । वहाँ पर गादीवाला पार्सल भेज देती है । २५०-३०० जितने होगे । जिसका घर नही है । रहने का स्थान नही है । हम पहचानते भी नही है । लेकिन जरुरत वाले है । मानवता के विना धर्म नही चलेगा । मानवता विना सम्प्रदाय नही चलेगा । भगवान भी नही खुश होगे । कितना पूजा-पाठ टीका करे । मानवता हो ना ही चाहिए ।

आज कल हम सभी शिक्षापत्री का उत्सव मना रहे है । महाराज शिक्षापत्री में यही लिखे है । जीवन के अंदर मानवता हो, एक-दूसरे के प्रति सद्भावना प्रेम और लगाव होना चाहिए । वह लगाव यहाँ पर दिखायी देता है । नही तो क्या एकत्र होते ? आज कोई भी हरिभक्त देश का हो, विदेश में हो, गाँव में हो, शहर में रहे उसे कुछ समस्या हो तो हम लोग आपस में खडे रहते है । क्या सम्बन्ध है । हम ? कई बार कहे है । सूतक का सम्बन्ध भी नही है । हम यु.पी. के है । आप गुजरात के है । कोई राजस्थान का है, कोई बनासकांठा कोई कच्छ या काठियावाड का है । लेकिन अपने बाप एक ही है । यह ध्यान रखे । सब कुछ बदलता है बाप नही किसी दिन नही बदलता है । इस गद्दी पर बैठने वाला भी बदलता है । बडे बापजी थे । इसके बाद मुझे बैठाये । सत्य बोल रहा हूं । आप नही माने तो क्या होगा ? यह पद अधिक जिम्मेदारी का है । साढे तीन वर्ष बापजीने बोला, पी.पी. स्वामी जानते है । मैने कहा आप की हस्ताक्षर करना है । मजदूरी हम करेगे । धर्माचार्य और संत जितने पुराने होते है । वे सोने जैसा बन जाते है । अधिक होने पर बापजी की आज्ञा का पालन करना ही चाहिए । इस गद्दी पर पहले केशवप्रसादजी दादा, पुरुषोत्तमप्रसादजी दादा, वासुदेवप्रसादजी दादा इसके बाद देवेन्द्रप्रसादजी दादा आये कितने लोग बैठे है ? बदले की नही ? आप में बदले की नही ? हम देख रहे है । आप की पीढी आ रही है । और जा रही है । संत भी बदलते है । गुरु के गुरु होते है । लेकिन इस ( सिंहासन पर बैठे नरनारायणदेव ) नही बदले और बदलेगे भी नही ।

यह गर्व करने की बात है । महाराजने प्रतिष्ठा किया तब से आज तक एक माईक्रो मिलीमीटर हटे नही है । ये भगवान अपने पास है । छपैया जन्मस्थान अपने पास है । इसका स्वाभिमान रखे । शेष मुझे कुछ नही चाहिए । रुपया नही चाहिए । रुपया तो लोगो के पास अधिक है । गुंडा, बदमाश स्मगलर के पास भी धन होता है । लेकिन सुख नही । सुख भगवान के चरणो में है । इस सत्संग मैं है । भगवान की कृपा से अपना परिवार सुरक्षित है । नही तो विखर गया होता । ऐसा सतयुग कही नही है । यहाँ सभा हो रही है । लंदन में भी हो रही है । सभी जगह गुरुपूर्णिमा मे ही नही अन्य सभा में हजारो हरि भक्त होते है । आप ही बताये । भगवान नही मिले होते तो क्या स्थिति होती ? बहुत **Simple** बात है । गलत बात है ? आप ही विचार करें ।

महाराजने हम सभी को अन्न, धन, वस्त्र से सुखी रजे है । कितने प्रोजेक्ट चल रहे है । आज करोडो रुपया हरिभक्त देते है । भक्तो को धन्यवाद है । कि जो बच्चो के उपर खर्च करना था । उसे प्लस-माइनस करके त्याग करते है । **Appreciation** अधिक है । भगवान नही मिलते तो क्या ? हम कहाँ पर रहते ? किनारा मिलता ?

सत्य तो यह है कि जो मिला है उसे सोचे तो बहुत मिला है। भगवान तो केन्द्रस्थान पर है, केन्द्र बिन्दु है। इसके साथ पैकेज आता है। विचार करने पर सत्संग मिलता है। सुख-दुःख में खडे रहने वाले बच्चे-बच्चियाँ मिलते है। यह सब संसार में कहाँ मिलता है।

अभी कैनेडा जाना हुआ। एक मित्र जो सीनियर एटर्नी एडवोकेट है उनके साथ बात कर रहे थे। विदेशो में मंदिर बनाकर क्यो भटकना है। दूसरा कोई कार्य नही है क्या ? उसका सत्संग से लेना देना नही लेकिन वह मुझ से यह बात बोली। जो भी मंदिर विदेश में बन रहे है। उससे अपने बच्चो का भविष्य तथा संस्कार अच्छा बना रहे। इसके बाद में वहाँ से निकल गया। ३० घंटे जहाज मे अधिक मजा तो नही मिलता है। इससे अच्छा ट्रेन में जाना अच्छा है। यह सब देव की कृपा से होता है। देव की कृपा हमेशा बनी रहे। इस पर ध्यान देना है।

मैं चार चरण (नरनारायणदेव के चरण) के कारण हम सभी सुखी है। इस लिये देव का बनकर रहे। नरनारायणदेव का हो वहाँ पर कदम बढाये। शेष संसार में पडना अच्छी बात नही है। इसमें जाने पर खो जायेगे।

अब आरती का समय हो गया है। बहने धुनक र रही है। देव का दर्शन करियेगा देव का बनकर रहियेगा। मेरा होकर रहने की आवश्यकता नही है। आप के प्रेम लगाव के कारण गाँव मे हम जाते है। यह अपना सम्प्रदाय है। अपना परिवार बडा है। रात को सोते समय विचार करियेगा कि हमे जो मिला है। वह दूसरो के पास है क्या ? नरनारायणदेव देश को जो मिला है। वह दूसरे को प्राप्त है ? सभी पैर ऐसा ही करते है। अपने बाप बड़े है। अनंत कोटि ब्रह्मांड के अधिपति अपने बाप बडे है। वे अपने पर ध्यान देते है। देव का दर्शन करते रहना। यह विशेष सलाह है।

सभी का अनेकानेक धन्यवाद है। अभी बात हुए कि बहने नरनारायणदेव के रसोई के लिये ४ करोड एकत्र की है। आप सभी लोग इतने आते है। लगभग सभी हरिभक्तो को पहचानते है। जानते है। प्रेम है। आप सभी का महाराज मंगल करे ऐसी नरनारायणदेव के चरण कमल में प्रार्थना है।


**अहमदाबाद श्री स्वामिनारायण मंदिर में श्री नरनारायणदेव आदि देवो की थाल-रसोई की सूची**

| थाल का विवरण | | रसोई |
|---|---|---|
| चुरमाकालड्डू | रु. २,०००/- | रु. १०,०००/- |
| मगशका लड्डू | रु. २,०००/- | रु. १०,०००/- |
| बूंदी के लड्डू | रु. २,०००/- | रु. १०,०००/- |
| मोतीचूर के लड्डू | रु. २,०००/- | रु. १०,०००/- |
| मोहनथाल | रु. २,०००/- | रु. १०,०००/- |
| मगशपूरी | रु. २,५००/- | रु. १५,०००/- |
| मालपूवा | रु. २,५००/- | रु. १५,०००/- |
| खीरपूरी | रु. २,५००/- | रु. १५,०००/- |
| अडदिया का थाल | रु. २,५००/- | रु. १५,०००/- |
| साटा का थाल | रु. २,५००/- | रु. १५,०००/- |
| शीखंड पुरी | रु. ३,५००/- | रु. २०,०००/- |
| ड्रायफ्रुट हलवा | रु. ३,५००/- | रु. २०,०००/- |
| बासुंदी पुरी | रु. ३,५००/- | रु. २०,०००/- |
| खीर-मालपुवा | रु. ३,५००/- | रु. २०,०००/- |
| गुलाब जामुन | रु. ४,०००/- | रु. २०,०००/- |
| जलेबी | रु. ४,०००/- | रु. २०,०००/- |
| मैसुब | रु. ४,०००/- | रु. २०,०००/- |
| काजू-बदाम मैसुब | रु. ५,०००/- | रु. २०,०००/- |
| सत्तरधाम का थाल | रु. ३,०००/- | |

**स्थायी सुरक्षित थाल** रु. १0,000/-
**स्थायी सुरक्षित थाल (सांजमे)** रु. ५,00१/-
**ठाकोरजी को शायं का थाल रु. ५००/-**
**Mo. : 8238001666**

श्री स्वामिनारायण म्युजियम

# श्री स्वामिनारायण म्युजियम के द्वार से

**सभी हरिभक्तो की सुविधा के लिये**
**प.पू. आचार्य महाराजश्री एवम् समग्र धर्मकुल के संकल्प से अब**
**श्री स्वामिनारायण म्युजियम के नये स्थापना दिन**
**हर वर्षे दि. २९ मार्च के दिन पर मनाया जायेगा**



अपने म्युजियम मे रखी वस्तुओ को सरलता से महिमा समझी जा सके तो उसके लिये नयी तकनीक का प्रयोग किया गया है। पहले हॉल में श्री नरनारायणदेव की प्रतिष्ठा और देश विभाग के लेक को ३डी मैपिंग द्वारा आडियो और विजुअल के माध्यम से विस्तार से समझाया गया है । इसी प्रकार पूरा म्यूजियम अलग-अलग रुप की तकनीक के माध्यम से दर्शनार्थी को अच्छा लगे। ऐसा बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## श्री स्वामिनारायण म्युजियम में पंजीकृत श्री महाविष्णुयाग की सूची-जुलाई-२०२५

ता. ११-०७-२०२५ प.भ. धवल रमेशभाई पटेल - महादेवनगर।
ता. १३-०७-२०२५ श्री नरनारायणदेव महिला मंडल - साबरमती-अहमदाबाद।
ता. १९-०७-२०२५ ( शायं ३ बजे ) प.भ. घनश्यामभाई मगनलाल पटेल - कुंडलवाले - नवरंगपुरा।
ता. २०-०७-२०२५ ( शायं ३ बजे ) प.भ. अश्विनभाई वासुदेवभाई मोदी - भाडज - अहमदाबाद - प्रेर. स.गु. घनश्याम स्वामी - कोटेश्वर गुरुकुल
ता. २७-०७-२०२५ प.भ. प्रीत मुकेशभाई विनुभाई सोजीत्रा - एप्रोच-बापुनगर।

शुभ प्रसंग पर भेंट देने के योग्य अथवा व्यक्तिगत संग्रह के लिये - श्री नरनारायणदेव की प्रतिमा वाला ५/१०/२० ग्राम चांदी का सिक्का म्युजियम में प्राप्त होता है।

**सूचना :श्री स्वामिनारायण म्युजियम में प्रति पूनम को प.पू. मोटा महाराजश्री प्रातः ११-३० को आरती उतारते हैं।**

સંપ્રદાયમાં એક માત્ર વ્યવસ્થા શ્રી સ્વામિનારાયણ મ્યુઝિયમમાં મહાપૂજા / મહાભિષેક નોંધાવવા સંપર્ક કરો.
મ્યુઝિયમ મોબાઈલઃ- ૯૮૭૯૫૪૯૫૯૭, પ.ભ. પરષોત્તમભાઈ - દાસભાઈ (બાપુનગર) : ૯૯૨૫૦૪૨૬૮૬
**www.swaminarayanmuseum.org/com • email: swaminarayanmuseum@gmail.com**

# भक्तिसुधा

**(प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्री के आशीर्वचन में से) एकादशी सत्संग सभा के अवसर पर (कालुपुर मंदिर हवेली) "निर्जला एकादशी व्रत"**

( संकलन : कोटक वर्षा नटवरलाल - घोडासर )

अभी कथा में आज्ञा है कि हम सब को भरी थाली प्राप्त हुई है। हमे यह ध्यान देना है कि पाचन अच्छे से हो। शरीर स्वस्थ होने पर सब कुछ पच जाता है। इसी प्रकार ''आत्मा'' निरोगी होने पर आध्यात्मिक ज्ञान पच जाता है। इस लिये आत्मा को स्वस्थ रखने का पूरा प्रयास करना चाहिए। महाराज सब कुछ दे कर गये है। हमे ध्यान देकर खाना है ताकि पाचन बना रहे ? हमारे प्राय: बारस दिन एकादशी आती है। जो एकादशी द्वादशी के योग वाली होती है। यह अधिक प्रभावशाली होती है। शास्त्र के आधार पर द्वादशी भागवाली एकादशी करने से सौ यज्ञ का फल मिलता है। तो इसका अर्थ यह हुआ कि दूसरे को जो मिलता है। उससे हमें सौ गुना प्राप्त होता है। यह महाराज बताकर गये है। प्रत्येक विषय पर महाराज बताकर गये है। महाराज के कथनानुसार हमे यह कार्य करना है।

निर्जला एकादशी के दिन कई लोग प्रश्न करते है कि दूध पी सकते है ? पानी विना चाय-काफी पी सकते है ? दूध-फल खाने से एकादशी का फल मिलता है। लेकिन निर्जला एकादशी का फल नही मिलता है। शेष कुछ लोग रात के बारह बजे के बाद फलहार कर लेते है। ऐसा नही होता है। रात के बारह बजे का रिवाज अंग्रेजो का है। यह अपना नही है। आप सोचे दिन कब होता है। जब सूर्योदय होता है। कभी सूर्योदय बारह बजे होता है ? हमे अंग्रेजो के रीत रिवाज के अनुसार नही बल्कि हिन्दु धर्म के आधार पर दूसरे दिन के सूर्योदय के बाद जल पान करना चाहिए। एकादशी के पूर्व पानी पी सकते है। जो व्यक्ति व्रत कर सकता है। जो विधिपूर्वक व्रत करना हो तो इस बात पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। जो दवा लेते है वह पानी के साथ दवा खा सकते है। भगवान अन्तर्यामी है। उन्हे सब ज्ञात है। अनिवार्य अवस्था में माफ कर देते है। दवा लेने पर दुःखी नही हो। भगवान से कहे आप खुश रहे। सर्दी की दवा, सिरदर्द की दवा तो छूट नही है। पूजा के समय आचमन करते है तो उसमें अल्प मात्रा में ढाल ग्रहण करे। गडारा करे तो जल घट से नीचे नही जाना चाहिए। मन सब तरफ ले जाता है। एकादशी के दिन विष्णुसहस्त्र नाम का स्मरण करना चाहिए। किसी की निंदा नही करनी चाहिए। कम बोलना चाहिए। गाँव की वार्ता नही करना चाहिए। शरीर को जैसे नियंत्रण में रखे। इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। यह निर्जला एकादशी सभी पापो का नाश करती है। इन्द्रिय नियंत्रण करके उपवास करे। निर्जला एकादशी के व्रत का फल प्रत्येक प्रहर में बुद्धि करता है। उदाहरण के रुप में तीन घंटे का एक प्रहर होता है। एक प्रहल का ५०% फल मिलता है। दूसरे प्रहर का १००% से ज्यादा फल मिलता है। प्रत्येक प्रहर पुष्य में वृद्धि हो जाती है। शास्त्र के आधार पर जो व्यक्ति निर्जला एकादशी के दिन जलपान नही करता है। उसे प्रत्येक प्रहर का करोडो पल सोना देने का पुण्य मिलता है। एकादशी के दिन स्नान, दान, जप, होम जागरण करने सब कुछ ''अक्षय'' बनता है। कभी इस फल का क्षय नही होता है। कुछ लोग उपवास का समय घर के काम में खर्च कर देते है। ऐसा नही करना चाहिए। एक तरह का स्वयं के प्रति अविश्वास है। उपवास अर्थात् क्या ?

उपवास का अर्थ यह है कि 'भगवान के पास रहना' खाना-पीना भी याद नही रहे। इस तरह भगवान के भजन मे व्यस्त रहे। अपना मन भगवान के साथ

जुडा रखे । अन्य प्रवृत्तियो में मन जोडना उपवास नही होता है। ऐसा करने से पुण्य नही मिलता है। हम जब कोई करते है तो उसका एक 'लक्ष्य' होता है । कारण से कार्य सरलता से होता है। हम एकादशी व्रत करते है तो उसका उद्देश्य क्या है ? क्यो करते है ? सभी लोग करते है ? इस लिये । भाव ऐसा रखे महाराज खुश हो । तब प्रेम से से होगा। निर्जला एकादशी अनमने मन से नही करता चाहिए। मन से तैयार होना चाहिए। मन में दृढ संकल्प कर ले कि हमे कष्ट नही होगा। भगवान नियम के साथ शक्ति भी देते है । महाराज हम सभी के पीछे खडे ही है । महाराज यह नियम हम सभी को परेशान नही करना चाहते है । जैसे माता-पिता बच्चो के कार्य करने के लिये कहते है । तो उनका परेशान करने की ईच्छा नही होती है । माता-पिता को बच्चो की चिंता करते है। मेरा लडका गलत मार्ग पर नही चले। अनुशासन में रहे। स्थायी रुप से बालक के पीछे खडा रहता है । उसी प्रकार भगवान हम सभी की चिंता करते है। कलियुग में हमारे भक्त है। सब को अच्छी तरह से तैयार करते है। ताकि पुनः मृत्युलोक में नही आना होता है। कैसे हो सकता है ? भक्तो के साथ रहने पर हमें प्रेरणा मिलती है । हम एक दूसरे को देखकर कार्य करते है। सत्संगि का साथ होने से प्रेरणा मिलती है।

विधिपूर्वक निर्जला एकादसी करने से शुक्ल पक्ष एवम् कृष्ण पक्ष का लाभ मिलता है । इस एकादशी के पुण्य का वर्णन नही कर सकते है । सभी तीर्थो का फल मिलता है। सभी दान का पुण्य मिलता है। शरीर साथ दे तो अवश्य करना चाहिए। इसमें दो बात है। बहाना भी नही बनाना है। और एकादशी महाचरण को नही करे । श्रद्धा पूर्वक व्रत करना चाहिए । भगवान से प्रार्थना करना कि आप हमारे साथ रहे। शक्ति दे। ताकि हम व्रत कर सके। जब उपवास का पारणा करे तब भोजन की थाली लेकर नही बैठ जाना चाहिए। सब कुछ धीरे-धीरे ग्रहण करना चाहिए। पहले कुछ पानी पीना चाहिए। नीबू सरबत का प्रयोग करना चाहिए। फल खाना चाहिए। बाद में अन्न ग्रहण करना चाहिए। श्री नरनारायणदेव के चरणो में ऐसी प्रार्थना करे की हमे शक्ति दे कि आप निर्जला व्रत पूर्ण करके उनकी कृपा प्राप्त करे।

●

### धर्म ही जीवन का सार है

– सांख्ययोगी कोकिलाबा ( सुरेन्द्रनगर )

निष्कुलानंद स्वामी जीवात्मा को सावधान करने के लिये सलाह देते है । ''धर्म-धर्म सभी लोग कहते है लेकिन धर्म के अधिक मर्म है।'' धर्म वह धर्मसुत बचन ही परमधर्म है ?'' हम महाराज के बचन अनुसार जीवन बिता सकते है। फिर भी मन में प्रश्न होता है कि धर्म अर्थात् क्या ? महाराज के द्वारा बताई गयी आज्ञा ही धर्म है। आज्ञा का अनादर करके जीवन बिताना वह धर्म का छोटा भी नही है। तिलक-चाँदला करके बड़ी बड़ी बात करे तो भी क्या ? यदि हम अपने जीवन मे एक आज्ञा का पालन नही कर सके। तो भक्त कैसे माने जा सकते है।

आज समाज में धर्म का अर्त पूजापाठ, कर्मकांड तक सिमित हो गया है । शिक्षापत्री में भगवान स्वामिनारायणने धर्म की अच्छी परिभाषा दिये है । जो वृत्ति और स्मृति उन्होने प्रतिपादित किये है । उस सदाचार को धर्म समझे । स्मृति शास्त्र का विधान है । आचार-परमोधर्मः जिस आचरण से स्वर्ग आदि लोक मोक्ष सम्बन्धी सुख मिले उसे धर्म कहते है। आहार, निद्रा, भय, विषय, भोग इत्यादि मनुष्य मैं है। वैसे पशु में भी होता है। मनुष्य को उच्च तथा पशु तो निम्नस्तर में रखा है । वह किस लिये ? क्योकि मनुष्य में धर्म विशेष है । मूल्य भी धर्म का है। जिस मनुष्य मे धर्म नही है वह पशु समान माना जाता है।

धर्म मनुष्य को मानव बनाता है । धर्म मर्यादा रहकर महान बनता है। जिसप्रकार विशाल पेड की जड वह पेड के विकास का नियंत्रण नही है । वह उसके

अस्तित्व को बनाये रखने में सक्षम होता है। उसे प्रकार धर्म मनुष्य को उर्ध्वगामी बनाता है । धर्म बिना जीवन आत्माविना शरीर जैसा है । जिस में न तो तेज, प्राण पवित्रता नही होती है । जीवन में प्राण और पवित्रता धर्म लाता है।

